PRINTED MATTER

If Undelivered Please Return to :
Bhopal Punjabi Samaj, Near Capital Petrol Pump
Raisen Road, Bhopal - 462023 (M.P.)

RNI No. : MPBIL/2010/36207

Printed Matter/Book Post
See Postal Tariff Card Item 7-C
For Every 100 Grams
of Fraction Rs. 1.00/-

# भोपाल पंजाबी समाज

नवम्बर 2023 ਭੋਪਾਲ ਪੰਜਾਬੀ ਸਮਾਜ समाचार पत्र

वर्ष - 10 अंक - 5 मुख्य सम्पादक : संजीव सचदेव प्रधान सम्पादक : इन्द्रपाल सिंह गुलाटी सम्पादक : आदर्श महाजन पृष्ठ - 4

## अध्यक्ष की कलम से





पंजाबी समाज के सभी सदस्यों और उनके परिवारजनों को मेरा नमस्कार, सतश्री अकाल जी!

आशा है आप सब स्वस्थ और प्रसन्न हैं।

गत समय वर्षा ऋतु में दिनांक 20 अगस्त 2023 को समाज ने वृक्षारोपण की एक गतिविधि आर.जी.पी.वी. कैम्पस,भास्कर बॉयज हॉस्टल में आयोजित की और समाज के अनेक सदस्यों ने वृक्षारोपण कर प्रकृति को अपना सहयोग दिया।

रविवार 27 अगस्त को समाज के स्नेह सम्मलेन ( पिकनिक ) का अत्यंत सफल आयोजन किया गया जिसमे सैंकड़ों की तादाद में पंजाबी परिवारों ने हिस्सा लिया। स्नेह सम्मलेन हमें सरदार नरेंद्र सिंह जग्गी जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

दिनांक 25 अक्टूबर को भोपाल पंजाबी समाज ने काटजू अस्पताल में एक दैनिक प्रातः आहार सेवा प्रारम्भ की है जिसमे मरीज़ों के परिजनों, बच्चों और अस्पताल में उपस्थित ज़रूरतमंद लोगों को दूध दलिया और फलों का वितरण किया जा रहा है। आप भी जन्म दिन, विवाह वर्षगांठ या परिवार में किसी की पुण्य तिथि के अवसर पर इस आहार सेवा में भाग लेकर पुण्य के भागी बन सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

भोपाल पंजाबी समाज युवक एवं युवती परिचय सम्मलेन का आयोजन दिनांक 10 दिसम्बर 2023 को गुरुद्वारा नानक सर, हमीदिया रोड, भोपाल में करने जा रहा है। आप अपने विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन भोपाल पंजाबी समाज के मैरिज ब्यूरो कार्यालय में करवा सकते हैं। इस कार्यक्रम में हमें भोपाल पंजाबी समाज की लेडीज़ विंग का भरपूर सहयोग मिलता है।

आशा है आप सब के सहयोग से परिचय सम्मलेन सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा और आपके बच्चों को सुयोग्य जीवन साथी ढूंढने में मददगार साबित होगा। आप सब से प्रार्थना है कि परिचय सम्मलेन की जानकारी को अपने सभी पंजाबी बंधुओं से शेयर करने का कष्ट करें।

शुभ कामनाओं सहित!

आपका
**संजीव सचदेव**

**आप सब को गुरुनानक जयंती की लख लख बधाइयाँ**



## 28वें युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियां

### गोल्डन जुबली दम्पति सम्मानित होंगे - सम्मेलन के संयोजक सरदार मोहन सिंह कालरा

भोपाल। भोपाल पंजाबी समाज द्वारा अपना एक दिवसीय 28वां युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 10 दिसम्बर 2023 रविवार को प्रातः 9.00 बजे से गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। पंजाबी समाज के परिवारों के वैवाहिक रिश्ते जोड़ने में मदद करने के लिए भोपाल पंजाबी समाज का यह सम्मेलन एक सशक्त माध्यम है। विगत 27 सम्मेलनों में भोपाल पंजाबी समाज विवाह योग्य युवक एवं युवतियों को वैवाहिक गठबंधन में बंधने में सकारात्मकभूमिका निभा चुका है। इसी कड़ी में यह आगामी परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से अपना जीवन साथी ढूंढ रहे युवक एवं युवतियों को एक ही स्थान पर अनेक योग्य एवं मनचाहे रिश्ते मिल जाते हैं तथा आगे की बातचीत प्रारंभ हो जाती है। विधवाओं और विधुरों को भी समाज योग्य जीवन साथी ढूंढने में मदद करता है।

इस परिचय सम्मेलन में अविवाहित उम्मीदवार के साथ उनके अभिभावकों का होना आवश्यक है। शहर के बाहर से आ रहे युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क रहने की व्यवस्था गुरुद्वारे द्वारा सेवा के रूप में की जाती है।

समाज द्वारा आयोजकों एवं प्रतिभागियों के लिए चाय, सुबह का नाश्ता एवं दोपहर की भोजन व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। प्रतिभागियों का पंजीयन सम्मेलन वाले दिन भी हो सकेगा किन्तु समाज का यह अनुरोध है कि सम्मेलन स्थल पर आने से पूर्व अपना पंजीयन करवा लें जिससे हमें कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संयोजित करने में मदद मिलती है। पंजीयन कराने हेतु सुश्री शशि वैद-9303079446 या सुश्री संध्या पुरी - 9425012928 से संपर्क कर पंजीयन करवाया जा सकता है।

नये पंजीयन की फीस 1500/- रुपये है जिसमें प्रतिभागी एवं उनके दो अभिभावकों के नाश्ते तथा भोजन का भुगतान सम्मिलित है। पंजीयन के साथ प्रतिभागी का बायो डाटा एवं 2 रंगीन फोटोग्राफ देना अनिवार्य है। भुगतान हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट भोपाल पंजाबी समाज के नाम पर बनाया जा सकता है अथवा इस समाचार पत्र में दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके किया जा सकता है।

हमारा विनम्र सुझाव है कि रिश्ते करने में जल्दबाजी बिल्कुल न करें तथा एक दूसरे की संपूर्ण जानकारी लेने के पश्चात ही इस दिशा में आगे बढ़ें। समाज का कार्य केवल प्रतिभागियों एवं उनके परिवारों को आपस में मिलवाने का है। किसी भी प्रतिभागी के बारे में गलत जानकारी पाये जाने पर पंजाबी समाज की कोई जबावदारी नहीं होगी।

अगर आपके बच्चों का रिश्ता तय हो जाता है तो समाज को इसकी सूचना देने का कष्ट करें, ताकि समाज अपने रिकार्ड में अंकित कर सके।

यह परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय है तथा इसमें पूरे देश से प्रतिभागी सम्मिलित होते हैं। इस सम्मेलन में पंजाबी हिन्दू तथा सिख प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। समाज द्वारा पंजीयन के बाद हर संभव सहायता एवं सुझाव प्रदान किये जायेंगे। हम अपने परिचय सम्मेलन की जानकारी सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से देश-विदेश में पहुंचा रहे हैं। अगर आप सम्मिलित नहीं हो पा रहे किन्तु पंजीयन करवाना चाहते हैं तो प्रतिभागी का बायो डाटा, दो रंगीन पासफोटो और 1500/- रुपये का पंजीयन शुल्क डी. डी. अथवा ऑनलाइन/क्यू आर कोड के माध्यम से भोपाल पंजाबी समाज मैरिज ब्यूरो, केपिटल पेट्रोल पंप, गुरुनानकपुरा, रायसेन रोड, भोपाल पर डाक अथवा कोरियर से भी भेज सकते हैं।

**सदस्यता अभियान**
समाज को मज़बूती प्रदान करने के लिये समाज के सदस्य बनें।



**भोपाल पंजाबी समाज**
आप सभी को दीपावली पर्व की बधाइयाँ देता है और प्रभु से प्रार्थना करता है कि आप सबको सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य प्रदान करें।

## 28 वां युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन

चेयरमैन : सरदार मोहन सिंह कालरा एवं को-चेयरमैन : श्री समीर शर्मा



स्थान : गुरुद्वारा नानकसर, हमीदिया रोड, भोपाल
समय : प्रातः 9.00 बजे से

10 दिसंबर 2023

# स्नेह सम्मलेन अत्यंत सफलता पूर्वक सम्पन्न












भोपाल। भोपाल पंजाबी समाज द्वारा दिनांक 27 अगस्त 2023 को कैरवा डैम भोपाल पर अत्यंत मनोरम वातावरण में पंजाबी परिवारों एवं उनके मित्रों हेतु स्नेह सम्मलेन ( पिकनिक ) का आयोजन किया गया जिसमे 500 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गयी। स्नेह सम्मलेन कई रूपों में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ स्नेह समेलन रहा जिसके खास कारण रहे बैठने की उत्तम व्यवस्था, बच्चों के कई गेम्स, ऊँट और घोड़े की सवारी, बैलगाड़ी और ट्रेक्टर ट्रॉली की सवारी, बढ़िया गीत और संगीत, खाना पीना, म्यूजिकल क्विज, अनेक पुरुस्कार, फैंसी ड्रेस, लकी ड्रा, तम्बोला, अनेक स्टाल्स और भी बहुत कुछ..। इतने सारे इवेंट्स का उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद लिया। इस पिकनिक को सफल बनाने में स्नेह सम्मलेन के चेयरमैन सरदार नरेंदर सिंह जग्गी का विशेष योगदान रहा जिन्होंने दिन रात न देखते हुए अत्यंत मेहनत से इस कार्यक्रम को सफल बनाया। सारे गेम्स की व्यवस्था उनकी तरफ से ही की गयी जो लोगों को खूब भायी। स्नेह सम्मलेन में सभी अतिथियों के लिए भुट्टे, चाय, सुबह के नाश्ते और दोपहर के स्वादिष्ट खाने का प्रबंध किया गया था। दसवीं और बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

कैटरिंग व्यवस्था स. मोहन सिंह कालरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रीमती स्वीटी सेठी जी ने बखूबी संभाले। स. इंदरपाल सिंह ने एंकर के रूप में सशक्त भूमिका निभाई और एक मधुर गीत भी सुनाया। अंत में तीन लकी ड्रा निकाले गए और पुरुस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर समाज के संरक्षक गण और बोर्ड सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। ग्लैमन मिसेज़ इंडिया के अवार्ड से सम्मानित श्रीमती जसविंदर कौर सलूजा का इस अवसर पर विशेष सम्मान किया गया। स्नेह सम्मलेन में भारत की चंद्रयान यात्रा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसका जन समूह ने खूब आनंद लिया। इस मॉडल का विमोचन सरदार हरप्रीत सिंह सलूजा एवं श्रीमती जसविंदर कौर सलूजा द्वारा बटन दबाकर किया गया।

भोपाल में 25 जून से 1 जुलाई तक युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप सम्पन्न हुई जिसमें पंजाब की तरफ से मुख्य कोच रूपेश कुमार वर्मा के मार्ग दर्शन में अंडर 12 युवा लड़कियों में से दो लड़कियों कृषा वर्मा और अर्शदीप कौर ने रजत पदक जीता और पंजाब टीम का नाम रोशन किया। स्नेह सम्मेलन में अध्यक्ष संजीव सचदेव ने रुपेश वर्मा जी का स्वागत एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

अंत में संरक्षक स. जसबीर सिंह जी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने पंजाबियों को एक रहने की अपील की और आपसी सौहार्द बढ़ाने पर ज़ोर दिया।



जयन्ती पर विशेष

# प्रथम गुरु - गुरु नानक देव जी

सुनी पुकार दातार प्रभु, गुरुनानक जग माहि पठाया
कल तारण गुरुनानक आया।



गुरुनानक देव जी सिखों के प्रथम गुरु थे। इनके जन्म दिवस को गुरुनानक जयन्ती के रूप में मनाया जाता है। गुरुनानक जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा को पंजाब क्षेत्र में रावी नदी के किनारे तलवंडी नामक गाँव में हुआ था जिसे आजकल ननकाना साहब के नाम से जाना जाता है। गुरुनानक देव जी का जन्म एक हिन्दू परिवार में हुआ था। आपके पिता का नाम मेहता कालू जी तथा माता जी का नाम तृप्ति देवी था। 16 वर्ष की आयु में इनका विवाह गुरुदासपुर जिले के लाखौंकी नामक स्थान की रहने वाली कन्या सुलक्खनी से हुआ। इनके दो पुत्र श्रीचन्द और लख्मीचन्द थे।

गुरुनानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक हैं और इन्होंने आध्यात्मिक शिक्षाओं की नींव रखी जिस पर सिख धर्म का गठन हुआ था। गुरुनानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं को फैलाने के लिए दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व में अनेक यात्राएं कीं। उन्होंने एक भगवान के अस्तित्व की वकालत की और अपने अनुयायियों को सिखाया कि हर इंसान ध्यान और अन्य पवित्र प्रथाओं के माध्यम से भगवान तक पहुंच सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों से ईमानदार गृहस्थ जीवन का नेतृत्व करने के लिए कहा। उनकी शिक्षाओं को 974 भजनों के रूप में अमर किया गया है जिसे सिख धर्म के पवित्र पाठ 'गुरु ग्रंथ साहिब' के नाम से जाना जाता है।

ऐसा कहा जाता है कि जब गुरुनानक देव जी बच्चे थे तो उनके पिता ने उन्हें कुछ पैसे दिए और बाजार जाकर व्यापार ( सच्चा सौदा ) करने के लिए कहा। लेकिन गुरुनानक देव जी ने सांसारिक सौदा करने के बजाय इसका उपयोग संतों के एक बड़े समूह को भोजन कराने के लिए किया, जो कई दिनों से भूखे थे। उन्होंने अपने पिता को इसे ही सच्चा सौदा बताया।

गुरुनानक जयंती पर एक-सवा महीने पहले से ही प्रभात फेरी आरंभ हो जाती है, प्रातः 3.00 बजे से 6.00 बजे तक चलने वाली इन प्रभात फेरियों में भजन और गुरुवाणी के शब्द गाये जाते हैं। गुरुद्वारों में लंगर का आयोजन किया जाता है जहाँ हर कोई जाति पंथ या वर्ग के भेदभाव के बिना प्रसाद और भोजन ग्रहण करता है। यह सिख धर्म की लोगों के प्रति निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है।

गुरुनानक देव जी का विश्वास एक ईश्वर के अस्तित्व पर था। एक शिक्षक के रूप में उनकी शिक्षाओं को सिखों के पवित्र गुरुग्रंथ साहब में दर्ज किया गया। उनका उपदेश एक ईश्वर पर आधारित था और यह कि ईश्वर कैसे बिना किसी भेदभाव के सभी को प्यार करता है।

गुरुनानक जयन्ती जिसे प्रकाश पर्व भी कहा जाता है, हर वर्ष कार्तिक माह की हर पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने घरों को रोशनी से सजाते हैं, गुरुद्वारे जाते हैं, लंगर का आयोजन करते हैं और सभी को शुभकामनाएं भेजते हैं। गुरुनानक जयन्ती पर पूरे भारत में राजकीय अवकाश होता है। यह दिन श्रद्धालुओं के लिए गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं और उनकी निःस्वार्थ सेवा का अनुकरण करने के लिए श्रद्धा और स्मरण का दिन है।

गुरुनानक देव जी अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त और विश्व बंधुत्व-सभी गुण समेटे हुए थे।

गुरुनानक देव जी के विचारों से समाज में परिवर्तन हुआ और आपने करतारपुर ( पाकिस्तान ) नामक स्थान पर एक नगर को बसाया और एक धर्मशाला भी बनवाई। गुरुनानक देव जी की मृत्यु 22 सितम्बर 1539 ईसवी को हुई। आपने अपनी मृत्यु से पहले अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी बनाया जो बाद में गुरु अंगद देव जी के नाम से जाने गये।

### गुरु नानक जयंती के बारे कुछ विशेष बातें

- गुरु नानक देव जी सिखों के पहले गुरु हैं।
- गुरु नानक जयंती सिखों का एक अत्यन्त पवित्र त्योहार है।
- गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा को वर्ष 1469 में हुआ था।
- गुरुपर्व सिख धर्म के संस्थापक, गुरु नानक देव जी के जन्म का प्रतीक है।
- गुरु नानक जयंती या गुरुपर्व हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है।
- गुरु नानक की शिक्षाएं समानता और एक ईश्वर पर आधारित हैं।
- इस दिन आमतौर पर सभी गुरुद्वारों में लंगर लगाया जाता है।
- गुरु नानक जयंती समारोह सामाजिक भेदभाव के बिना सभी को प्यार करने और उनकी सेवा करने को दर्शाता है।
- गुरु नानक जयंती के पहले गुरुद्वारे में अखंड गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया जाता है।

*Success Story*

## RAKESH MALIK

**Founder Director and Chairman, CI GROUP**

Twenty years ago Mr. Rakesh Malik the Chairman of CI Group ventured forth into the business world.

He realized that customer and employee satisfaction are paramount to building a good reputation in any venture.

Be it the automobile, finance, & in the real estate sector, the cornerstone for every business conducted by the group has been centered around, and motivated by the same consistent vision, backed by strong traditional values and a future driven outlook.

He Is educated at the Campion School, Bhopal (1978), and Bachelor of Arts in Management from the BSSS College, Bhopal (1981).

Ventured in the automobile sector as a dealer of TVS Motor Co. in 1997,

Mr. Rakesh Malik started from a single dealership and built the company into a multifaceted business group having a combined annual turnover of almost Rs 500.00 CR.

In 2000, he entered the competitive field of construction with his first- ever joint venture with Bhopal Municipal Corporation called "CI Homes" & Subsequently projects in different cities.



In 2005, the CI Group was awarded the dealership of Hyundai Motor India Ltd leading to a new venture, CI Hyundai.

In 2012, CI Group joined hands with Mahindra & Mahindra Ltd. As CI Automotors to become an authorized dealer for its complete range of products.

In the year 2018, embarked into a new vertical as a NBFC as CI Capital to augment the present business and to cater, to an expanding financial market at the prompt focused in vehicles financing MSME loans.

***Bhopal Punjabi Samaj wishes him a great & bright future.***

# प्रकाश का पर्व - दीपोत्सव



भारत वर्ष में मनाए जाने वाले सभी पर्वों में दीपावली का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। इसे दीपोत्सव भी कहते हैं। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात् हे भगवान, मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाइए। यह उपनिषदों की आज्ञा है। इसे सिख, बौद्ध तथा जैन धर्म के लोग भी मनाते हैं। जैन धर्म के लोग इसे भगवान महावीर के मोक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं तथा सिख समुदाय इसे बन्दी छोड़ दिवस के रूप भी में मनाता है।

माना जाता है कि दीपावली के दिन अयोध्या के राजा राम अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अयोध्यावासियों का हृदय अपने परम प्रिय राजा के आगमन से प्रफुल्लित हो उठा था। श्री राम के स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीपक जलाए। कार्तिक मास की सघन काली अमावस्या की वह रात्रि दियों की रोशनी से जगमगा उठी। तब से आज तक भारतीय प्रति वर्ष यह प्रकाश पर्व अति हर्ष व उल्लास से मनाते हैं। भारतीयों का विश्वास है कि सत्य की सदा जीत होती है और असत्य का नाश होता है। दीपावली यही चरितार्थ करती है- असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय। दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। कई सप्ताह पूर्व ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ हो जाती हैं। लोग अपने घरों, दुकानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। घरों में मरम्मत, रंग-रोगन, सफेदी आदि का कार्य होने लगता है। लोग दुकानों को भी स्वच्छ कर सजाते हैं। बाज़ारों में गलियों को भी स्वर्णिम झंडियों से सजाया जाता है। दीपावली से पहले ही घर-मोहल्ले, बाज़ार सब स्वच्छ और सजे दिखते हैं।

भारत में प्राचीन काल से दीपावली को विक्रम संवत के कार्तिक माह में गर्मी की फसल के बाद के एक त्योहार के रूप में दर्शाया गया। पद्म पुराण और स्कन्द पुराण में दीपावली का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि ये ग्रन्थ पहली सहस्त्राब्दी के दूसरे भाग में किन्हीं केंद्रीय पाठ को विस्तृत कर लिखे गए थे। दियों को स्कन्द पुराण में सूर्य के हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाला माना गया है, सूर्य जो जीवन के लिए प्रकाश और ऊर्जा का लौकिक दाता है और जो हिन्दू कैलेण्डर अनुसार कार्तिक माह में अपनी स्थिति बदलता है। कुछ क्षेत्रों में हिन्दू दीपावली को यम और नचिकेता की कथा के साथ भी जोड़ते हैं। नचिकेता की कथा जो सही बनाम गलत, ज्ञान बनाम अज्ञान, सच्चा धन बनाम क्षणिक धन आदि के बारे में बताती है; पहली सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व उपनिषद में लिखित है।

दीपावली का इतिहास रामायण से भी जुड़ा हुआ है, ऐसा माना जाता है कि श्री राम चन्द्र जी ने माता सीता को रावण की कैद से छुड़ाया तथा उनकी अग्नि परीक्षा के उपरान्त, 14 वर्ष का वनवास व्यतीत कर अयोध्या वापस लोटे थे। अयोध्या वासियों ने श्री राम चन्द्र जी, माता सीता, तथा अनुज लक्ष्मण के स्वागत हेतु सम्पूर्ण अयोध्या को दीप जलाकर रोशन किया था, तभी से दीपावली अर्थात दीपों का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से लक्ष्मी माता की पूजा व अर्चना की जाती है।

7वीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने इसे दीपप्रतिपादुत्सवः कहा है जिसमें दीये जलाये जाते थे और नव वर-बधू को उपहार दिए जाते थे। 9 वीं शताब्दी में राजशेखर ने काव्यमीमांसा में इसे दीपमालिका कहा है जिसमें घरों की पुताई की जाती थी और तेल के दियों से रात में घरों, सड़कों और बाजारों सजाया जाता था। फारसी यात्री और इतिहासकार अल बेरुनी, ने भारत पर अपने 11 वीं सदी के संस्मरण में, दीपावली को कार्तिक महीने में नये चंद्रमा के दिन पर हिन्दू समाज द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार कहा है।

दीपावली नेपाल और भारत में सबसे बड़े शॉपिंग सीजन में से एक है; इस दौरान लोग कारें और सोने के गहने आदि महंगी वस्तुएँ तथा स्वयं और अपने परिवारों के लिए कपड़े, उपहार, उपकरण, रसोई के बर्तन आदि खरीदते हैं। लोगों अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों को उपहार स्वरूप आम तौर पर मिठाइयाँ व सूखे मेवे देते हैं। इस दिन बच्चे अपने माता-पिता और बड़ों से अच्छाई और बुराई या प्रकाश और अंधेरे के बीच लड़ाई के बारे में प्राचीन कहानियों, कथाओं, मिथकों के बारे में सुनते हैं। इस दौरान लड़कियाँ और महिलाएँ खरीदारी के लिए जाती हैं और फर्श, दरवाजे के पास और रास्तों पर रंगोली और अन्य रचनात्मक पैटर्न बनाती हैं। युवा और वयस्क आतिशबाजी और प्रकाश व्यवस्था में एक दूसरे की सहायता करते हैं।

**आध्यात्मिक महत्व** - दीपावली विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं, कहानियों या मिथकों को चिह्नित करने के लिए हिंदू, जैन और सिखों द्वारा मनायी जाती है लेकिन वे सब बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की विजय को दर्शाते हैं। यूं तो दीपावली एक पाँच दिनों का त्यौहार है लेकिन आमतौर पर दो दिन सबसे ख़ास होते हैं - छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली।


दीपावली एवं गुरुनानक जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं

जब आप सोना हॉल मार्क देख कर खरीदते हैं
तो पानी की टंकी बगैर ISI मार्क देखे क्यों खरीदते हैं?

याद रखिये

1. टंकियों की लेयर्स की संख्या से भ्रमित न हों। टंकी की मज़बूती एवं लंबी ज़िंदगी उसके वज़न से होती है न कि लेयर्स की संख्या से।
2. मानक ब्यूरो (IS:12701) के अनुसार रोटो मोल्डेड काली प्लास्टिक की टंकियाँ ही श्रेष्ठ होती हैं।
3. ISI मार्क टंकियाँ लगभग 25 वर्ष से उपभोक्ताओं को निर्विघ्न सेवा दे रही हैं।
4. ISI मार्क टंकियाँ बाज़ार में उपलब्ध टंकियों की तुलना में अधिक भारी और मज़बूत होती हैं। ISI मार्क 1000 लीटर की टंकी का वज़न 33 किलोग्राम होता है जबकि बाज़ार में अनेक ब्रांड 17 से 24 किलोग्राम वज़न की मल्टी लेयर टंकियाँ दे रहे हैं।
5. ISI मार्क टंकियों की वास्तविक क्षमता उस पर लिखी हुई क्षमता से 5% अधिक होती है।
6. IS:12701 तीन लेयर्स, चार लेयर्स, छः लेयर्स, सात लेयर्स इत्यादि को मान्यता प्रदान नहीं करता है एवं न ही ब्लो मोल्डेड टंकियों को ही मान्यता देता है।
7. ISI मार्क देख कर ही टंकी खरीदें और लम्बे एवं सुखद जल भण्डारण का आनन्द लें।

ISI मार्क है गुणवत्ता की पहचान!




FERROTECH ENGINEERS
An ISO 9001:2015 Certified Company
Works : F-53, Industrial Area, Govindpura, Bhopal - 462023
Phone : 2589174, 4260444 Mobile : 9713112289, 9713112288
E-mail : ferrorcc@gmail.com / aquasafebhopal@gmail.com

Our best wishes for Deepawali & Gurunanak Jayanti

WAAHO
INTERIO




Bespoke Furniture Studio In Bhopal

- Sofa Sets
- Dining Sets
- Accent Chairs
- Maharaja chairs
- Chaise & Loungers
- Ottomans
- Coffee Tables
- Nesting Tables
- Console Tables
- Residential Furniture
- Commercial Furniture
- Furniture Accessories
- Customized Furniture

Call +91 88392 25052
A Venture by Powerlux E-4/33 Arera Colony, Powerlux House, Bhopal

# भोपाल पंजाबी समाज द्वारा वृक्षारोपण किया गया









भोपाल। दिनांक 20 अगस्त 2023 को भोपाल पंजाबी समाज द्वारा आर.जी.पी.वी. यूनिवर्सिटी के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त तत्वावधान में एक सुन्दर एवं गरिमामय वृक्षारोपण कार्यक्रम का अत्यंत सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एन. सी. सी. कैडेट्स की शानदार उपस्थिति दर्ज की गयी। डायरेक्टर आरजीपीवी श्री भदोरिया जी, भोपाल पंजाबी समाज अध्यक्ष श्री संजीव सचदेव, महासचिव स. इंदरपाल सिंह गुलाटी ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के आदरणीय संरक्षकगण स. जसबीर सिंह जी, स. कुलदीप सिंह गुलाटी जी और स. परमजीत सिंह चंडोक जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समाज की ओर से समाज के संयुक्त सचिव स. मोहन सिंह कालरा, स. नरेंद्र सिंह जग्गी, श्री नितिन भाटिया, श्री संजय सेठी, श्री रमन सिंह शाह, श्री पी के दुग्गल, श्री समीर शर्मा, स. गुरविंदर सिंह गुलाटी, स. गुरिंदर सिंह भीमरा और महिला विंग से श्रीमती सविता शाह, श्रीमती स्वीटी सेठी और श्रीमती मोनिका सचदेव कार्यक्रम में उपस्थित थीं। बाद में स्वल्पाहार का कार्यक्रम स. जसबीर सिंह भीमरा जी द्वारा आयोजित किया गया।

## स्नेह सम्मेलन की सचित्र झलकियाँ







# काटजू अस्पताल में प्रातः आहार सेवा प्रारम्भ












भोपाल। दिनांक 25.10.2023 से भोपाल के काटजू अस्पताल, टी टी नगर में भोपाल पंजाबी समाज द्वारा प्रातः आहार सेवा प्रारम्भ की गयी जिसमे नव प्रसूताओं, उनके परिजनों और बच्चों को प्रातः आहार वितरित किया जा रहा है। प्रातः आहार में मुख्य तौर पर दूध-दलिया और फलों का वितरण किया जा रहा है। ये पौष्टिक आहार सेवा प्रातः 9.30 से 10.30 प्रतिदिन रहेगी जिसमें लगभग 100 लाभार्थियों को ये आहार दिया जाएगा। ये सेवा प्रारम्भ करने में श्री संजीव सचदेव, श्री पी के दुग्गल, स. इंद्पाल सिंह गुलाटी और काटजू अस्पताल के प्रशासक कर्नल पी के सिंह का विशेष सहयोग रहा जिसके लिए समाज उनका आभारी है।

आप भी इस सेवा को प्रायोजित कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एक दिन की सेवा का योगदान मात्र 2100/- है जिससे आप अनेक ज़रूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा सकते हैं। समाज के बैंक अकाउंट का क्यूआर कोड इसी समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया है, जिसमें आप अपनी श्रद्धानुसार योगदान राशि जमा कर सकते हैं।

वाईस प्रेसिडेंट श्री आदर्श महाजन, कोषाध्यक्ष श्री असीम जिंदल और वरिष्ठ बोर्ड सदस्य श्री पी के दुग्गल ने एक-एक हफ्ते के प्रातः आहार को तुरंत प्रायोजित किया जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। दिनांक 26.10.23 को श्री संजय सेठी और स्वीटी सेठी जी ने अपनी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर प्रातः आहार को प्रायोजित किया।

UPI ID : 9425009630@pabpay

BHOPAL PUNJABI SAMAJ

**अन्नदान महादान**

भोपाल पंजाबी समाज में योगदान हेतु **QR Code**

## महिला विंग अध्यक्षा की कलम से



प्यारी बहनों, नमस्कार!

दीपावली की शुभकामनाओं की साथ मैं आप सबका स्नेह सम्मेलन में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद करती हूँ। हम सबने एक परिवार की तरह स्नेह सम्मेलन का आनन्द लिया।

आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि अपना अगला कार्यक्रम परिचय सम्मेलन है। इस कार्यक्रम का सभी को इंतज़ार रहता है। आपके सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। आप अपने मित्रों एवं रिश्तेदारों के विवाह योग्य बच्चों का रजिस्ट्रेशन करायें। गत वर्ष सम्मेलन में काफी परिवारों को अपने बच्चों के लिए योग्य साथी का चुनाव करने में सफलता मिली है।

20 नवम्बर 2023 को हम अपना दीपावली मिलन समारोह आयोजित कर रहे हैं, जिसमें मैं आप सभी बहनों को आमंत्रित करती हूँ। बहनों से अनुरोध है कि आप महिला विंग की सदस्यता लेकर समाज को संगठित रखने में अपना अमूल्य सहयोग दें। जनवरी माह से अपनी मीटिंग का नया राउण्ड शुरू हो जायेगा।

10 दिसम्बर 2023 को परिचय सम्मेलन होना तय हुआ है। आपका सहयोग अपेक्षित है। परिचय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी आपको निम्न फोन नम्बरों पर मिल जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती शशि वेद | - | 9303079446 |
| श्रीमती संध्या पुरी | - | 9425012928 |
| श्रीमती स्वीटी सेठी | - | 9826531680 |
| श्रीमती गुरनीत गोरेवारा | - | 9685961961 |

*धन्यवाद, और दीपावली की शुभकामनाओं सहित!*

**सविता शाह**

9425607828

## भोजन सेवा के प्रायोजक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री असीम जिंदल | - | 7 दिवस |
| 2. | श्री पी के दुग्गल | - | 7 दिवस |
| 3. | श्री आदर्श महाजन | - | 7 दिवस |
| 4. | श्री संजय सेठी | - | 1 दिवस |
| 5. | श्रीमती वंदना शर्मा | - | 1 दिवस |
| 6. | श्रीमती विद्यावती सचदेवा | - | 1 दिवस |

## अन्न दान महादान

आप भी इस सेवा को प्रायोजित कर प्रभु दरबार में हाज़री लगा सकते हैं और पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एक दिन की सेवा का योगदान मात्र 2100/- है जिससे आप अनेक ज़रुरत मंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा सकते हैं। समाज के बैंक अकाउंट का क्यूआर कोड इसी समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया है, जिसमें आप अपनी श्रद्धानुसार योगदान राशि जमा कर सकते हैं।

## संपर्क सूत्र


अध्यक्ष
श्री संजीव सचदेव
मो. : 9425009630

महासचिव
स. इन्द्रपाल सिंह गुलाटी
मो. : 9926009920

कोषाध्यक्ष
श्री असीम जिंदल
मो. : 7000176855

संरक्षकगण
स. जसबीर सिंह
मो. : 9893006121
स. परमजीत सिंह चंडोक
मो. : 9203333333
स. कुलदीप सिंह गुलाटी
मो. : 8435488333
श्री ओ. पी. कपूर
मो. : 9993575067

प्रधान सम्पादक
स. इन्द्रपाल सिंह गुलाटी
मो. : 9926009920

सम्पादक
श्री आदर्श महाजन
मो. : 9981501335

मैरिज ब्यूरो चेयरमेन
श्री सुखदेव राज अठोत्रा
मो. : 9826059124

कार्यालय : कैपिटल पेट्रोल पंप, गुरुनानकपुरा, रायसेन रोड, भोपाल
प्रातः 11 से 5 बजे तक
सुश्री शशि वेद
मो. : 9303079446
सुश्री संध्या पुरी
मो. : 9425012928
( सोमवार अवकाश )


स्वामी - भोपाल पंजाबी समाज के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव सचदेव ( अध्यक्ष भोपाल पंजाबी समाज ) तथा सम्पादक आदर्श महाजन के लिए श्री सत्यम प्रिंटर्स, 33-34, गोविन्द गार्डन, गोविन्दपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं भोपाल पंजाबी समाज, कैपिटल पेट्रोल पम्प, रायसेन रोड, भोपाल से प्रकाशित। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल ही मान्य होगा )